हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, मंगलवार, 16 जुलाई 2024

11 मानसून में होने वाली बीमारियों तथा उनसे बचाव के ...



12 बिजली, पानी और सीवरेज को लेकर लोगों ने की नारेबाजी



## खबर संक्षेप

### पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**चरखी दादरी।** भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार-2025 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। केवल भारतीय नागरिक और भारतीय संस्थान ही पुरस्कार के लिए आवेदन करने के पात्र हैं। पुरस्कार के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त है। डीसी ने बताया कि व्यक्तियों और संगठनों के अमूल्य योगदान और निस्वार्थ सेवा भाव को पहचानने और सम्मानित करने के लिए सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के नाम से वार्षिक पुरस्कार दिया जाता है।

### बंद मकान के ताले तोड़कर की चोरी

**बाढ़ड़ा।** पालड़ी में बंद मकान के ताले तोड़कर चोर मकान के अंदर से नगदी, गहने व दूसरा कीमती सामान चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में पालड़ी निवासी विपिन ने बताया कि वह सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेज लोहारू में नौकरी करता है और वर्तमान में महेंद्रगढ़ रहता है। उसने बताया कि वह बीते 12 जुलाई को घर पर ताला बंद करके कॉलेज गया था। उसके बाद वह कॉलेज से सीधा महेंद्रगढ़ चला गया। रविवार को वह घर आया तो उसने देखा की घर के मैन गेट का ताला टूटा हुआ था। उसने सामान को चेक किया तो पांच हजार रुपये की नकदी, डिटिटल कैमरा, सोने की अंगूठी, दो चांदी की अंगूठी, दो जोड़ी पाजेब गायब मिली।

### घिकाड़ा रोड पर खेत में मिला बुजुर्ग का शव

**चरखी दादरी।** शहर के घिकाड़ा रोड पर खेत में बुर्जुग व्यक्ति का शव मिला। शव के समीप ही सल्फास की खाली शीशी बरामद की गई है। अभी तक मृतक की पहचान नहीं हुई है। सोमवार को दुकानदार ने टायर पेंचर की दुकान के पीछे खेत में बुर्जुग व्यक्ति का शव पड़ा हुआ देखा। उसने इसकी सूचना डायल 112 नंबर पर पुलिस को दी। पुलिस को मृतक की जेब से पहचान लायक कोई कागज नहीं मिले। जांच अधिकारी ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 65 वर्ष है। शव के पास सल्फास की शीशी बरामद हुई है।

# बैठक में नहीं पहुंचे अधिकारी दो घंटे इंतजार कर लौटे पार्षद

## सीईओ साहब गए छुट्टी, नहीं मिला हाजिरी रजिस्टर, विकास का खाका नहीं हो पाया तैयार

- अधिकारियों के हड़ताल पर चले जाने की शिकायत चेयरपर्सन ने पंचायत मंत्री व आला अधिकारियों से की।



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सोमवार को जिला परिषद कार्यालय में अलग ही नजारा देखने को मिला। जिप चेयरपर्सन व 17 पार्षद जिले के विकास का खाका तैयार करके लाए थे।बल्कि कुछ पार्षदों ने गली व अन्य रास्ते पक्के करवाने की योजनाएं तैयार करवाकर पहुंचे थे। जिप पार्षदों पूरी संख्या बल करीब दो घंटे तक जिप कार्यालय में अधिकारियों के आने का इंतजार करते रहे,लेकिन कोई भी आला अधिकारी नहीं पहुंचा। जिसकी वजह से विकास कार्यों व अन्य एजेंडों को लेकर होने वाली बैठक की कार्यवाही ही शुरू नहीं हो पाई। बताया कि सीईओ (चीफ एग्जुटिव ऑफिसर) साहब छुट्टी पर है। हैरानी की बात यह है कि इस दौरान पार्षदों को हाजिरी लगाने के लिए रजिस्टर भी नहीं मिल पाया। बाद एक प्रोफार्मा पर वहां पहुंचे सभी पार्षदों ने हाजिरी लगाई। दूसरी तरफ अधिकारियों के हड़ताल पर चले जाने की शिकायत चेयरपर्सन ने पंचायत मंत्री व आला अधिकारियों से की। तय समय के हिसाब से जिप के 17 पार्षदों के साथ चेयरपर्सन अनिता मलिक कार्यालय में पहुंच गई। उन्होंने मीटिंग की तैयारी शुरू करवाने के निर्देश दिए,लेकिन उनको बताया गया कि सीईओ साहब अचानक छुट्टी चले गए। यह सुनकर सभी जिप पार्षदों के पैरों तले जमीन खिसक गई। चूंकि सभी पार्षद अपने अपने इलाकों के विकास कार्य के प्रोपोजल लेकर आए थे। कुछ पहले वाली मीटिंग के एजेंडें बाकी थी। उन पर भी चर्चा की जानी थी। इस कार्य के लिए जिप के सीईओ व अन्य अधिकारियों की मौजूदगी होनी जरूरी होता है। पर मीटिंग का आयोजन करवाने वाले स्तर के अधिकारी कार्यालय में नहीं मिले। जिसकी वजह से जिप पार्षदों द्वारा खींचा गया विकास कार्यो का खाका धरा का धरा रह गया। काफी इंतजार के बाद सभी पार्षद अपने अपने घर लौट गए।

**नहीं मिला हाजिरी रजस्टिर:** जिप कार्यालय में अफरा तफरी का माहौल बना रहा। चेयरपर्सन ने कर्मचारियों से हाजिरी रजस्टिर मांगा तो बताया गया कि अलमारी में रखा है और चॉबी अधिकारी के पास है। चेयरपर्सन ने कहा कि सुप्रीडेंट से पूछो,लेकिन वहां से भी जवाब मिला कि हाजिरी रजस्टिर के बारे में उनको भी कोई जानकारी नहीं है। उसके बाद एक प्रोफार्मा मंगवाया गया और उस पर सभी पार्षदों ने अपनी हाजिरी लगाई।

### मंत्री को भेजा पत्र

बैठक में अधिकारियों की अनुपस्थिति को लेकर चेयरपर्सन अनिता मलिक ने पीएम, सीएम, पंचायत मंत्री, पंचायत विभाग के आला अधिकारियों के पास पत्र भेजकर शिकायत भेजी है। भेजे गए पत्र में बताया गया कि जिप की तरफ से पार्षदों की बैठक बुलाई गई थी। जिसमें 22 में से 17 पार्षद पहुंच गए। बैठक मे मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनुपस्थित रहे। उन्होंने इस बारे में पहले कोई सूचना नहीं दी। कर्मचारियों द्वारा बताया गया कि सीईओ बीमार है। अगर उनको पहले बताया जाता तो वे आज नहीं आते। उन्होंने इस तरह का ड्रामा साजिशन रचने का आरोप लगाया। उन्होंने पत्र के माध्यम से उक्त अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की।

# झगड़े में घायल युवक ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

- आलमपुर में चार दिन पहले गांव के ही युवकों ने हमला कर किया था घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

आलमपुर में चार दिन पहले अपने घर के सामने गाली देने से रोकने पर गांव के ही युवक ने लाठी-डंडे से सिर पर वार कर घायल युवक कर दिया है। घायल युवक ने सोमवार सुबह दम तोड़ दिया। पुलिस में पहले मृतक के ब्यान पर लड़ाई झगड़ा करने का मामला दर्ज किया था। जिसमें अब हत्या करने की धारा जोड़ दी है।

मृतक आलमपुर निवासी 40 वर्षिय राजेश ने पुलिस को ब्यान ढिया था कि वह मजदूरी करता है तथा अविवाहित है। उसके पिता की करीब 24 साल पहले मौत हो चुका है। उसकी उसके भाई अशोक के साथ रहती है। वह अकेला अलग मकान में रहता है। 11-12 जुलाई को करीब 11 बजे घर पर खाना खाकर असोया हुआ था। मृतक ने पुलिस को दिए ब्यान में बताया था कि उनके ही गांव का अजीत उसके घर के आगे जाकर गाली गलौज कर रहा था। मृतक ने अपने घर का दरवाजा खोल कर देखा कि अजीत गाली गलोच कर रहा था। मृतक ने अजीत को कहा कि भाई यहां पर गाली क्यों दे रहा है। जिसके बाद अजीत ने कहा कि मैं तो ऐसे ही गाली दूंगा। मृतक ने उसे बार बार गाली देने से रोका। इतना कहते ही अजीत ने मृतक राजेश के सिर में डंडा मारा। जब राजेश ने इसका विरोध किया तो अजीत ने उसके सिर में कई बार डंडे से वार किया। झगड़ा का शोर सुनकर आस पड़ोस के लोग आ गए जो उनको आता देखकर अपने डंडे सहित मौका से भाग गया। जाते-जाते जान से मारने की धमकी देकर गया है। पुलिस ने लड़ाई झगड़ा करने का मामला दर्ज किया था।

### क्रेशर पर तोड़फोड़ व 2.50 लाख रुपये लूटने के मामले में बाढ़ड़ा थाना पुलिस ने दर्ज किया केस

**बाढ़ड़ा।** पिचौपा कलां क्रेशर जोन में स्टोन क्रेशर ऑफिस पर तोड़फोड़ करने व मुंशी के साथ मारपीट कर ढाई लाख रुपये व सीसीटी कैमरे की डीवीआर ले जाने के मामले में बाढ़ड़ा थाना पुलिस ने सोमवार को केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने एक नामजद व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।13 मई की रात को पिचौपा कलां में स्टोन क्रेशर पर स्कॉर्पियों सवार लोगों द्वारा तोड़फोड़ की गई थी। वहीं उक्त लोगों पर इस दौरान वहां मुंशी के साथ मारपीट कर ढाई लाख रुपये ले जाने वे सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर ले जाने के भी आरोप लगाए गए थे। पुलिस को एक नामजद व उसके साथ मौजूद 6-7 अन्य के खिलाफ शिकायत देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने एक नामजद व्यक्ति के खिलाफ आज केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बकरी चोरी गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पुलिस की सीआईए स्टाफ प्रथम टीम ने गांव तालू सहित व अन्य जिलों में बकरी चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह के पांच सदस्यों को तालु, से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की थी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सीआईए स्टाफ प्रथम के मुख्य सिपाही सुनील कुमार ने थाना जूई कला में दर्ज अभियोग में आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था।

आरोपियों की पहचान बिजेंद्र निवासी चांग जिला भिवानी, कप्तान उर्फ नवीन निवासी चांग जिला भिवानी, सुरेश निवासी चांग जिला भिवानी, अजय निवासी चांग जिला भिवानी व मनदीप निवासी चांग जिला भिवानी के रूप में हुई है। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया था जहां पर मुख्य आरोपी बिजेंद्र, कप्तान सनेश व अजय को दो दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया गया था वहीं आरोपी मंदीप को जिला कारागार भेजने के आदेश दिए गए थे। मुख्य आरोपी बिजेंद्र पर पहले से चोरी, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने आदि धाराओं के तहत 10 अभियोग दर्ज हैं। आरोपी सनेस पर चोरी के 04 अभियोग दर्ज हैं। आरोपी कप्तान उर्फ नवीन पर जिला भिवानी में मारपीट, जान से मारने की धमकी, शस्त्र अधिनियम, हत्या का प्रयास आदि धाराओं के तहत 04 अभियोग दर्ज है। आरोपी अजय पर जिला भिवानी व दादरी में लूट, शस्त्र अधिनियम, हत्या का प्रयास आदि धाराओं के तहत 03 अभियोग दर्ज हैं।

**आठ गांवों में की वारदात**



### किराए पर लेते थे गाड़ी

मुख्य आरोपी बिजेंद्र ने बतलाया कि अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर बकरी चोरी की वारदात की योजना बनाई थी। हर वारदात में किराए पर गाड़ियां ली जाती थी। आरोपी ने बतलाया कि उसने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर जिला भिवानी के गांव गारणपुरा, पुरणपुरा, तालु नौरंगाबाद, वार्ड नंबर-03 बवानी खेड़ा, वार्ड नंबर- 4 बवानी खेड़ा, गांव चैहड कला, गांव नंदगांव, गांव बिठन में बकरी चोरी की वारदात को अंजाम दिया है।

# पूर्व सरपंचों ने बाढ़ड़ा में किया रोष प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

बाढ़ड़ा खंड के सरपंचों में बकाया सम्मान भत्ता नहीं दिए जाने के कारण रोष बना हुआ है। उसी के चलते खंड के पूर्व सरपंच सोमवार को बाढ़ड़ा अनाज मंडी में एकत्रित हुए और उसके बाद कस्बे में सरकार के खिलाफ नारोबाजी करते हुए रोष प्रदर्शन किया। रोष प्रदर्शन करते हुए वे एसडीएम कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने अपने कार्यकाल के समय का सम्मान भत्ता देने की मांग को लेकर सीएम के नाम एसडीएम को ज्ञापन भी सौंपा है।

कस्बे की अनाज मंडी में एकत्रित पूर्व सरपंचों ने सरकार द्वारा बार बार पूर्व सरपंच प्रतिनिधियों की उपेक्षा बरतने पर रोष जताया। पूर्व सरपंच एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार बार बार ग्रामीण विकास व पूर्व व मौजूदा पंचायत प्रतिनिधियों को मान सम्मान देने का दावा कर रही है जबकी धरातल पर उनके दावे व वायदे दम तोड़ते नजर आ रहे हैं। प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा वर्ष 2019 में पूर्व सरपंचों को स सम्मान के रुप में लागू की गई सम्मान भत्ता योजना विभाग की फाइलों में फंस कर रह गई और पिछली योजना का कार्यकाल पूरा करने वाले पूर्व सरपंचों को पिछले 42 माह से भत्ता आवेदन करने के लिए पोर्टल ओपन का इंतजार है। इससे अकेले चरखी दादरी जिले की 167 ग्राम पंचायतों के पूर्व मुखियाओं को वर्ष 2021 से जुलाई 2024 तक प्रतिमाह एक हजार रुपये भत्ते के रुप में मिलने वाले लगभग 65 लाख की राशी पेंडिंग पड़ी है और पंचायत मंत्री व अधिकारी सारे मामले पर मूकदर्शक बने हुए हैं। जिसके चलते पूर्व सरपंचों में रोष है। उन्होंने अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह के नाम बाढ़ड़ा एसडीएम सुरेश दलाल को ज्ञापन सौंपकर उनकी मांग जल्द पूरा करवाने की मांग की गई है।



बाढ़ड़ा। बाढ़ड़ा एसडीएम को ज्ञापन सौंपते पूर्व सरपंच। फोटो : हरिभूमि

# सम्मान सम्मेलन 16 को महेंद्रगढ़ में गृह मंत्री अमित शाह होंगे मुख्यातिथि

- डीसी मनदीप कौर ने सम्मेलन को लेकर अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

डीसी मनदीप कौर ने कहा की बीसी वर्ग सम्मान सम्मेलन 16 जुलाई को केंद्रीय विश्वद्यिालय महेंद्रगढ़ में आयोजित किया जाएगा। देश के गृह मंत्री अमित शाह बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। डीसी कौर सोमवार को अपने कार्यालय में बीसी सम्मान सम्मेलन को लेकर अधिकारियों को जरूरी निर्देश दे रहीं थीं। उन्होंने कहा कि बीसी सम्मेलन में जिला भिवानी से भी भारी संख्या में जाना संभावित है, ऐसे में यातायात को नियंत्रित करना जरूरी है। उन्होंने सीइओ जिला परिषद अश्विर नैन को कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला नोडल अधिकारी बनाया गया है। उन्होंने नर्दिश दिए की गांवों से आने वाले वाहनों का रूट चार्ट बनाया जाए। भिवानी शहर में वाहनों के कारण जाम की स्थिति नहीं बननी चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपनी ड्यूटी को गंभीरता के साथ करें।

# चयनित खिलाड़ी राज्य स्तर पर जिले को देंगे पदकों की सौगात : लोकेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

पुराना शहर स्थित हीरा इंडोर स्टेडियम में हरियाणा बैडमिंटन एसोसिएशन के मार्गदर्शन व निर्देशानुसार आठवीं जिला स्तरीय दो दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि जिला खेल अधिकारी संधु बाला तथा अंतर्राष्ट्रीय महिला पहलवान बबीता फौगाट ने आयोजन में शिरकत की।

बबीता फौगाट ने कहा कि युवा व खिलाड़ी अधिक से अधिक खेलों तथा गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लें और अपना हुनर दिखाएं। टच स्क्रीन, वीडियो गेम और टेलीविजन के इस युग में, गेम खेलने के लिए बाहर जाने की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक है यह हम सबको स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। आज के समय में सभी आयु समूहों के लोग कंप्यूटर और मोबाइल फोन में ही व्यस्त रहते है, जिसके परिणाम स्वरुप वे आलसी बनते जा रहे है। जिला खेल अधिकारी संधु बाला ने कहा कि वर्तमान में जिस प्रकार से प्रत्येक खेल में युवा देश का नाम रोशन कर रहे हैं, उसके चलते हमारे देश व प्रदेश के नए नए खिलाड़ियों की हौसला अफजाई हो रही है। सभी का यही प्रयास होना चाहिए कि अपने आसपास अगर कोई प्रतिभावान खिलाड़ी खेल का प्रदर्शन करता है उसे अवश्य प्रोत्साहित करे।



चरखीदादरी। आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित खिलाड़ी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

महासचिव लोकेश गुप्ता ने बताया कि अपने अपने वर्ग में विजेता रहे सभी को राज्य स्तरीय स्पर्धा के लिए चुन लिया गया है।

इनमें अंडर 11 गर्ल्स सिंगल में निधि तथा ताक्षी को चुना गया। अंडर 11 ब्वायज सिंगल में गौतम व प्रत्युष का चयन हुआ। अंडर 13 गर्ल्स सिंगल में भाविका व साइना , इसी वर्ग के ब्वायज में हिमांशु, केशव, मोक्ष व प्रत्युष का चयन हुआ। इसी वर्ग के ब्वायज डबल में मोक्ष व हिमांशु की जोडी तथा प्रत्युष व प्रणव की जोडी चयनित हुई। अंडर 15 गर्ल्स सिंगल में अनष्किा व भाविका चयनित हुई। अंडर 15 ब्वायज सिंगल में आरव, धनंजय, मानव, जय चयनित हुए। इसी वर्ग के ब्वायज डबल में अनुज व रिषिभ तथा धनंजय व आरव की जोड़ी चयनित हुई। अंडर 17 ब्वायज सिंगल में भीष्म, अयान, गर्वित व आशुतोष चयनित हुए।

इसी वर्ग के ब्वायज डबल में धनंजय व आरव तथा भीष्म व गर्वित की जोड़ियां चुनी गई। अंडर 19 ब्वायज सिंगल में विनित, गर्वित, भीष्म व शिवम चयनित हुए। इसी वर्ग के डबल में भीष्म व दीपांशु तथा गर्वित व विनित की जोडी चुनी गई। मैन सिंगल के तहत ईशान, गोपीचंद, भीष्म व अयान को चुना गया। मैन डब्लस में ईशान व नरेश तथा संदीप सांगवान व नवतीक चुने गए। इसी प्रकार आयु वर्ग 35 प्लस सिंगल में सुनील राठीवाल, संदीप सांगवान व नरेश चयनित हुए। इसी वर्ग के मैन डब्लस में सुनील व आदत्यि तथा संदीप सांगवान व नरेश चुने गए। इसी प्रकार आयु वर्ग 40 में सिंगल में सुनील तथा रतिभान चयनित हुए। इसी वर्ग के डब्लस में अनिल, नरेश तथा ओमप्रकाश व सुनील की जोड़ी चुनी गई। इस दौरान संरक्षक तिलक जैन, डॉ. बीएन वर्मा तथा एच सी गोदारा, प्रधान पंकज जैन, सीनियर वाईस प्रेसिडेंट सुरेश गोयल, आई सी जैन , डॉ विजय शर्मा ,उप प्रधान सुनील गर्ग आदि मौजूद रहे।

## एसडीएम ने छपार रांगडान व बागनवाला स्कूल का किया औचक निरीक्षण

# एसडीएम ने बच्चों से पूछे गणित के फार्मूले और सवाल समझाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने सोमवार को गांव छपार रांगडान व बागनवाला स्कूल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम सीधे क्लास रूम में पंहुचे और बच्चों से रूबरू हुए। गांव छपार रांगडान में स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एसडीएम ने बच्चों से गणित के सवाल पूछे और फिर मार्कर लेकर बोर्ड पर गणित पढ़ाने लगे।

लगभग 20 मिनट तक एसडीएम ने बच्चों को गणित पढ़ाया। अधिकारी के स्कूल में निरीक्षण की खबर के बाद पड़ोसी गांव के स्कूलों में भी हड़कम्प मच गया। एसडीएम मनोज कुमार दलाल सोमवार सुबह राजकीय वरष्ठि माध्यमिक विद्यालय निगाणा में पंहुचे। एसडीएम ने स्कूल में त्रिवेणी लगाई। इसके पश्चात एसडीएम गांव छपार रांगडान में स्थित राजकीय वरष्ठि माध्यमिक में पंहुचे। एसडीएम सीधे क्लास रूम में गए और बच्चों से संवाद किया। इसी दौरान एसडीएम कक्षा दसवीं के क्लास रूम में पंहुचे तो गणित अध्यापक सुरजीत सिंह पढ़ा रहे थे। एसडीएम ने बच्चों से गणित के फार्मूले पूछे। इसके बाद एसडीएम ने स्कूली बच्चों को तालीम देने खुद हाथ में मार्कर उठाया और पढ़ाने लगे। उन्होंने जब कक्षा दसवीं के बच्चों को गणित पढ़ाया तो बच्चे भी गदगद दिखे। इसके बाद अगली क्लास रूम में पंहुचे तो महिला प्राध्यापक राजनीतिक शास्त्र पढ़ा रही थी। एसडीएम ने बच्चों से राजनैतिक सद्धिांतों पर बच्चों से सवाल किए।

अधिकारी ने स्कूल की सफाई व्यवस्था देखी और स्कूल की नियमित सफाई करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम ने कहा कि अध्यापक बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ संस्कारयुक्त शिक्षा देने का काम करें। एसडीएम ने कहा कि जो बच्चों को पढ़ाया जा रहा है, उनकी समझ में भी आना चाहिए। रचनात्मक तरीके से पढ़ाने से बच्चे जल्द समझते हैं। इस मौके पर स्कूल स्टाफ के सदस्य उपस्थित रहे।



- लगभग 20 मिनट तक एसडीएम ने बच्चों को गणित पढ़ाया
- निरीक्षण की खबर के बाद पड़ोसी गांव के स्कूलों में भी हड़कम्प

भिवानी। गांव बागनवाला स्कूल में बच्चों को पढ़ाते एसडीएम।

# पंचायत भवन में बाल संरक्षण आयोग ने आयोजित करवाई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पंचायत भवन में राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग द्वारा जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जहां हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षन आयोग के सदस्य गणेश ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यशाला में बच्चों को साइबर क्राइम व उनके संरक्षण अधिकार बारे विस्तार से जानकारी दी गई। जिला मौलिक अधिकारी संतोष नागर की रेखदेख में कार्यशाला की आयोजन किया गया।

सदस्य गणेश ने कहा कि इस राज्यस्तरीय कार्यशाला के माध्यम से जिला स्तर पर कार्यरत प्रशासनिक, सामाजिक एवं न्यायिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों को इन अधिनियमों के विषय में जागरूक कर उनके मध्य आपसी तालमेल स्थापित करना है। कार्यशाला में विशेषज्ञों द्वारा बाल शिक्षा का अधिकार, साइबर क्राइम, शारीरिक दंड, किशोर न्याय एवं पाक्सो अधिनियम की जागरूकता के लिये प्रशक्षिण दिया गया। मनु कादियान ने साइबर क्राइम पर प्रकाश डाला।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर स्कूलों के प्राधानाचार्य, मुख्याध्यापक और स्कूल इंचार्ज के अलावा, डाइट से प्रिंसिपल ज्ञानेद्र एंड सुशील, एससीआरटी से राम किशोर पुनिया, राजेश शर्मा , सतबीर सिंह, राजकुमार कोठारी, बाल संरक्षण अधिकारी सदीप आदि मौजूद रहे।

# सहेली



अपने लविंग पार्टनर को लेकर थोड़ा-बहुत पजेसिव होना तो सामान्य है। लेकिन यह बिहेवियर जब ऑब्सेशन में बदल जाए तो स्थिति चिंताजनक हो जाती है। ऐसा एक साइको कंडीशन 'लव ब्रेन' की वजह से हो सकता है। इस मेंटल कंडीशन के लिए कई कारण जिम्मेदार हो सकते हैं। ऐसे में सजग रहते हुए इसके लक्षणों, बचाव और उपचार के बारे में जानना जरूरी है।

# पार्टनर का ऑब्सेसिव बिहेवियर लव ब्रेन का हो सकता है शिकार
## हो जाएं सजग

कवर स्टोरी



पूजा आनंद शर्मा
मनोवैज्ञानिक, विश्वास हीलिंग सेंटर, दिल्ली

हाल ही में सोशल मीडिया पर चीन से आई 'लव ब्रेन' की खबर सुर्खियों में रही। एक अट्ठारह साल की लड़की की अपने ब्वॉय फ्रेंड के प्रति चाहत इतनी बढ़ गई कि वह हर वक्त उसे अपने आस-पास देखना चाहती थी। वह उसकी हर एक्टिविटी पर नजर रखने लगी। ब्वॉय फ्रेंड दूर होने पर वह उसे कॉल करती रहती थी। उसका ऑब्सेसिव बिहेवियर इस कदर बढ़ गया कि वह अपने ब्वॉय फ्रेंड को दिन में सौ बार से अधिक कॉल करने लगी। गर्ल फ्रेंड के पजेसिव बिहेवियर से परेशान होकर लड़के को पुलिस की मदद लेनी पड़ी। मेडिकल जांच में पता चला कि लड़की 'लव ब्रेन' की मरीज है। उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

### समझें ऑब्सेसिव बिहेवियर

लव ब्रेन को समझने से पहले ऑब्सेसिव बिहेवियर को जानना जरूरी है। आज के दौर में प्यार करने वाले कई लोगों में ऑब्सेसिव



बिहेवियर देखने को मिल जाता है। ऐसे लोगों में इमोशनल स्टेबिलिटी का अभाव होता है। यानी रिश्ते को लंबे समय चलाने के लिए जरूरी भावनात्मक मजबूती की कमी होती है। ऐसे लोग दूसरे के साथ रिश्ता तो कायम कर लेते हैं, लेकिन भावनात्मक मजबूती के अभाव में उस रिश्ते से बहुत जल्दी दूर भी हो जाते हैं।

### क्या हैं लक्षण

आमतौर पर जब दो शख्स एक-दूसरे से प्यार करते हैं तो वे चाहते हैं कि उनका पार्टनर उनका खूब ख्याल रखे, अपना पूरा वक्त उसे दे, सिर्फ उनके साथ ही घूमे-फिरे। जब यही प्यार दिल और दिमाग पर हावी होने लगता है, तो एक गंभीर बीमारी का रूप ले लेता है। व्यक्ति अपनी जिंदगी भूल कर बस सिर्फ अपने साथी के बारे में सोचता है। पार्टनर के प्रति वह इतना पजेसिव हो जाता है कि दिनभर उससे संपर्क रखने की पुरजोर कोशिश करता है। कई बार मैसेज भेजता है या फोन करता है। इग्नोर या रिजेक्ट किए जाने को स्वीकार नहीं कर पाता। उससे बेवजह लड़ाई-झगड़ा करने लगता है। यहां तक कि एंग्जाइटी या डिप्रेशन का शिकार हो जाता है। पीड़ित व्यक्ति भावनात्मक रूप से अशांत रहता है।अपने साथी के दूर होने का डर उसे हमेशा सताता रहता है। अपने पार्टनर की अटेंशन पाने के लिए ऊटपटांग हरकतें करता है। उसमें मनोभावों को कंट्रोल करने की क्षमता कम होती जाती है, जिससे मूड स्विंग की प्रॉब्लम होती है।

### क्या है लव ब्रेन की स्थिति

साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट्स के अनुसार लव ब्रेन की स्थिति एक गंभीर मनोवैज्ञानिक स्थिति है। इसे बॉर्डर लाइन पर्सनालिटी डिसऑर्डर भी कहा जाता है। यह प्यार का ऐसा ऑब्सेसिव बिहेवियर है, जो बेहद खतरनाक है। इसमें व्यक्ति खुद को या अपने पार्टनर को किसी भी तरह का नुकसान पहुंचा सकता है।

### उपचार का तरीका

एक्सपर्ट्स मानते हैं कि ऑब्सेसिव बिहेवियर के बारे में हमें सजग रहना जरूरी है। बॉर्डर लाइन पर्सनालिटी डिसऑर्डर को अगर समय रहते कंट्रोल ना किया जाए तो यह बड़ी बीमारी का रूप भी ले सकता है। व्यक्ति के ऑब्सेसिव बिहेवियर में सुधार ना हो तो यथाशीघ्र मेंटल हेल्थ एक्सपर्ट की मदद जरूर लें। एक्सपर्ट विभिन्न प्रकार की साइकोथैरेपी के माध्यम से व्यक्ति का बिहेवियर मॉडिफिकेशन करते हैं, जिसके लिए उसके माता-पिता और परिवार के अन्य सदस्यों से भी मदद लेते हैं।

### ऐसे करें बचाव

व्यक्ति को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए तैयार करना चाहिए। जिसमें वह खुद के साथ ज्यादा वक्त बिताए, अपनी भावनाओं को समझे, अपने मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सजग रहे। इसके अलावा ऑब्सेसिव बिहेवियर के बचाव के लिए कुछ और बातें भी ध्यान में रखें-

- अगर व्यक्ति अपने पार्टनर में ऑब्सेसिव बिहेवियर महसूस कर रहा है तो ऐसे में जरूरी है कि उससे कुछ समय के लिए दूरी बना लेनी चाहिए। उसे पूरा स्पेस देना चाहिए ताकि वह अपनी भावनाओं को कंट्रोल कर सके।
- ऑबसेस्ड व्यक्ति को अपनी हॉबीज के हिसाब से अपने पसंदीदा काम या क्रिएटिव एक्टिविटीज करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।
- उसे अपने दोस्तों और परिवार के अन्य सदस्यों से संपर्क बनाए रखने के लिए तैयार करना चाहिए। ताकि वो उनसे अपने मन की बात शेयर कर सके और तनावपूर्ण स्थिति से निकल सके।
- ऑब्सेसिव बिहेवियर के शिकार व्यक्ति को जिंदगी में किसी अच्छे मुकाम पर पहुंचने के लिए प्रेरित करना चाहिए। ताकि वह उसे पाने के लिए भरसक कोशिश करता रहे और व्यस्त रहे। वरना उसमें नकारात्मकता आ सकती है और अपने साथी के प्रति ज्यादा ऑब्सेसिव हो सकता है।

**प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा**

### क्या हैं कारण

**सवाल उठता** है कि आखिर आंखों से शुरू होने वाला प्यार दिल और दिमाग पर इतना हावी कैसे हो जाता है, जो इतनी चिंताजनक स्थिति को जन्म देता है? इसके पीछे कई कारण हैं-

**चाइल्डहुड ट्रॉमा का शिकार होनाः** लव ब्रेन, आमतौर पर उन लोगों को होता है, जो बचपन में किसी ट्रॉमा का यानी कि चाइल्डहुड ट्रॉमा का शिकार होते हैं। यानी बचपन से ही वे अपने पैरेंट्स के बीच आपस में प्यार या लगाव ना होने, उनके बीच लड़ाई-झगड़े होते देखते हैं। ऐसे बच्चों के अंतस में बचपन से ही अपने साथी पर अविश्वास करने की भावनाएं बैठ जाती हैं, जो भविष्य में या बड़े होने पर उनके व्यवहार में खुद-ब-खुद आ जाती हैं। रिलेशनशिप में अगर व्यक्ति का अपने पार्टनर के साथ गहरा संबंध स्थापित नहीं हो पाया है या पार्टनर उनके मुताबिक नहीं चलता, तो लव ब्रेन की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।



**ओवर कॉन्फिडेंस होनाः** व्यक्ति को भ्रम रहता है कि वह जो कर रहा है, ठीक कर रहा है। इससे अच्छा कुछ नहीं हो सकता। एक तरह से उसमें ओवर कॉन्फिडेंस आ जाता है कि उससे अच्छा कोई नहीं कर सकता, वह सामने वाले व्यक्ति पर एकाधिकार जमाने लगता है।

**एल्कोहलिक होना** : ऐसे लोगों में एल्कोहल या ड्रिंक करने की आदत जरूर पाई जाती है। भले ही शुरू में वे कभी-कभार करते हैं लेकिन धीरे-धीरे इसके आदी हो जाते हैं, अपने सामने किसी की नहीं सुनते।

**अहंकारी होनाः** ऐसे लोगों में ईगो बहुत होता है। अपने आप को स्पेशल समझते हैं। उन्हें लगता है कि वह जो कर रहे हैं, वह बहुत अच्छा कर रहे हैं। इससे अच्छा कुछ नहीं हो सकता। वह अपने साथी के प्रति ऑब्सेसिव हो जाते हैं, उनके साथ अलग तरह का बर्ताव करने लगते हैं। एकाधिकार कायम करने में असफल होने पर उन्हें बुरा लगता है और गुस्से में गलत कदम तक उठा लेते हैं।

मेडिकल एडवाइस

डॉ. जे. के. गुप्ता जनरल फिजीशियन, दिल्ली

अन्य मौसमों की तुलना में बारिश के मौसम में बीमार होने की आशंका अधिक होती है। इसलिए इस दौरान एक्स्ट्रा केयर की जरूरत होती है। बारिश में बीमारी से बचने के लिए वे कौन-सी सावधानियां हैं, जिन्हें बरतना जरूरी है, जानिए।

# तब बारिश के मौसम में आप नहीं होंगी बीमार

बारिश के मौसम में कई तरह की हेल्थ प्रॉब्लम्स की आशंका बढ़ जाती है। जरा-सी असावधानी होने पर सर्दी, खांसी, गले में खराश, वायरल फीवर, एलर्जी, डायरिया, फूड प्वॉयजनिंग या फिर मच्छर काटने से मलेरिया, डेंगू जैसी बीमारियां हो सकती हैं। इस मौसम में हमारे शरीर की इम्यूनिटी भी कमजोर हो जाती है। ऐसे में यह बेहद जरूरी है कि मानसून के दौरान खुद को हेल्दी रखने के लिए ऐसी डाइट लें, जो इंफेक्शन से हमें बचाने में हेल्पफुल हो। अगर आप इस मौसम में कुछ छोटी लेकिन जरूरी बातों को ध्यान में रखेंगी तो इन मौसमी बीमारियों और इंफेक्शन से बची रह सकती हैं और अपने परिवार के सदस्यों को भी बचाए रख सकती हैं।



**साफ-सफाई का रखें ध्यानः** स्वयं को और परिवार के सदस्यों को मच्छर के काटने से बचाने के लिए जरूरी है कि शरीर को ढंकने वाले पूरी बांह के अपर और लोअर ड्रेस पहनें, ताकि मच्छरों और दूसरे कीड़े-मकौड़ों के काटने से बचा जा सके। सुनिश्चित करें कि घर, गली के आस-पास भी गंदगी ना फैले। घर और वर्कप्लेस में इस्तेमाल होने वाले डस्टबिन को हमेशा ढंककर रखें। घर की छतों-यार्ड में पुराने टायरों, गमलों या ऐसे टूटे-फूटे सामानों को हटा दें, जिसमें पानी इकट्ठा हो सकता है। गार्डन के गमलों या मनी प्लांट जैसे पौधों के जार का पानी दो-तीन दिन में जरूर बदलें। कहीं भी पानी जमा ना हो क्योंकि जमे हुए पानी में ही मच्छर पनपते हैं।



**खान-पान में ना बरतें लापरवाहीः** वैसे तो खाना हमेशा ताजा ही खाना चाहिए, लेकिन बरसात के दिनों में ज्यादा एलर्ट रहने की जरूरत है। मानसून में फूड प्वॉइजनिंग होने के चांस बहुत ज्यादा होते हैं। इससे वॉमिट आना, डिहाइड्रेशन और डायरिया जैसी समस्या हो सकती हैं। इसलिए खाना बनाने से पहले सभी कच्ची सब्जियों और फलों को अच्छे से धो लें। जहां तक हो सके बाहर का खाना अवॉयड करें। अगर खाएं तो यह सुनिश्चित करें कि खाना ताजा हो। सूप, नूडल्स और पास्ता जैसी चीजें गर्म-गर्म ही खाएं। कच्चा सलाद या पहले से कटे फल ना खाएं। नॉनवेज यहां तक कि अंडा भी ना खाएं। इन दिनों नॉनवेज में बहुत जल्दी बैक्टीरिया पनपते हैं। इनसे पेट खराब हो सकता है। इस मौसम में ठंडे ड्रिंक्स के बजाय गर्म या हल्की गर्म ड्रिंक्स का सेवन करें। हर्बल टी, ग्रीन टी या कैमोमाइल टी भी पी सकती हैं।

**प्रस्तुतिः ललिता गोयल**

### बरतें ये भी सावधानियां

- बची हुई आइसक्रीम या मिल्क प्रोडक्ट्स को दोबारा फ्रिज में ना रखें। ऐसा करने से उसमें बैक्टीरिया पनपने की संभावना रहती है।
- इस मौसम में सभी तरह की सॉस, चटनी या केचअप का कम से कम सेवन करें। इन चीजों को नॉर्मल टेंप्रेचर में रखा जाता है, जिसके कारण इसमें अधिक बैक्टीरिया पनपने लगते हैं।
- दूध से बनी मिठाइयां भी तब तक ना खाएं, जब तक उसको कंट्रोल्ड टेंप्रेचर यानी फ्रिज में ना रखा गया हो ।
- मसालेदार, ऑयली, जंक, स्ट्रीट और पैक्ड फूड्स के साथ शराब और धूम्रपान से दूरी बनाकर रखें।
- हमेशा खाना खाने से पहले, खाना खाने के बाद और वाशरूम का इस्तेमाल करने के बाद अपने हाथों को एंटी-बैक्टीरियल हैंडवाश या सोप से अच्छी तरह धोएं।
- अगर आपको लूज मोशन या अनडाइजेशन की समस्या हो रही है तो ओआरएस का घोल बनाकर पिएं। यह शरीर में इलेक्ट्रोलाइट बैलेंस को मेंटेन करने में मदद करेगा।
- बारिश के दिनों में बड़ों और बच्चों को स्किन रिलेटेड प्रॉब्लम्स जैसे स्किन एलर्जी, रैशेज हो जाती हैं। इनसे बचने के लिए कोशिश करें बारिश में बॉडी को ड्राय रखें।

टिप्स

# ट्विजर से बनाएं परफेक्ट आईब्रो शेप


आपका चेहरा तब और खूबसूरत नजर आता है, जब आईब्रो की शेप परफेक्ट हो। अलग-अलग चेहरे पर अलग तरह की आईब्रो शेप अच्छी लगती हैं। लंबे चेहरे और गोल चेहरे पर बो (धनुषाकार) शेप, ओवल फेस पर ऊपर की ओर उठी हुई आईब्रो अच्छी लगती हैं। वैसे तो सैलून में जाकर थ्रेडिंग, वैक्सिंग के जरिए आईब्रो बनवाई जाती है। लेकिन घर पर ट्विजर प्लकर की मदद से भी आईब्रो को परफेक्ट शेप दी जा सकती है। इसके लिए कुछ बातों पर ध्यान देना जरूरी है।



- घर में आईब्रो को खूबसूरत आकार देने के लिए पहले देखें कि वे शुरू कहां से हो रही हैं और इन्हें कहां तक बनाना है? एक सफेद आईलाइनर की मदद से जैसी आईब्रो आपको चाहिए, फेस पर उतनी मार्क कर लीजिए। इसके बाद आईब्रो के अनचाहे बालों को निकाल लें। आईब्रो की छंटाई के लिए सही और अच्छी क्वालिटी का ट्विजर प्लकर ही इस्तेमाल करें।
- आईब्रो बनाने के बाद अगर लगे कि इनके शेप में डिफरेंस है तो ट्विजर की मदद से मोटी आईब्रो को नीचे से शेप देने की बजाय आईब्रो को ऊपर की तरफ से शेप दें।
- अगर आईब्रोज बहुत हैवी हैं तो उन्हें सही शेप दें, उन्हें पतली ना बनाएं। अगर आईब्रो ज्यादा पतली बन गई हैं तो इन्हें और ज्यादा ना छेड़ें। इनकी दोबारा ग्रोथ होने का इंतजार करें।
- आईब्रो बनाने के बाद एस्ट्रिंजेंट लोशन या क्रीम जरूर लगाएं।

**-सहेली फीचर्स**

ब्यूटी



शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

कई पोषक तत्वों से भरपूर पुदीना, त्वचा के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है। इसका फेस पैक स्किन से जुड़ी कई प्रॉब्लम्स को दूर करने के साथ ही उसे निखारता भी है। यही नहीं, बालों को मजबूत और डेंड्रफ-फ्री बनाने में भी पुदीना बहुत यूजफुल है।

# निखरी त्वचा के लिए यूज करें पुदीना


पुदीने यानी मिंट की भीनी-भीनी खुशबू और स्वाद से हम सभी परिचित हैं। पुदीना लगभग हर भारतीय घर की रसोई में आसानी से मिलता है। यह ना केवल खाने का स्वाद बढ़ाता है, बल्कि त्वचा को निखारने और बालों को कोमल-मुलायम बनाने में भी सहायक होता है। इसमें कई औषधीय गुण पाए जाते हैं, जो स्वास्थ्य के साथ-साथ स्किन को कूल रखने, कील-मुंहासों को दूर करने और चेहरे की सूजन कम करने में सहायक होता है। इसका इस्तेमाल फेस पैक, टोनर या सीरम के रूप में भी किया जाता है।

**पिंपल्स-टैनिंग करे दूर :** पिंपल और टैनिंग की प्रॉब्लम से छुटकारा पाने के लिए मिंट फेस पैक को यूज कर सकती हैं। इसे बनाने के लिए बाउल में पुदीने की कुछ पत्तियों का रस निकालें। अब इसमें एक खीरे को छीलकर कद्दूकस कर लें। इसमें एक चम्मच शहद मिलाकर पेस्ट बना लें। इस पैक को अपने चेहरे और गर्दन के इर्द-गिर्द खुले अंगों पर आधे घंटे तक लगाकर रखें। इसके बाद ताजे पानी से धोएं। इसे लगाने से पिंपल्स और टैनिंग से छुटकारा मिलेगा। पिंपल की प्रॉब्लम से परेशान हैं तो पुदीने के रस में नारियल तेल मिलाकर लगाएं। ऐसा करने से कुछ ही दिनों में पिंपल दूर हो जाएंगे। इसके निशान और दाग-धब्बे भी हल्के होने लगेंगे।



**ऑयली स्किन फेशियल :** मिंट फेशियल, ऑयली स्किन के लिए फायदेमंद है। इसे बनाने के लिए बाउल में दो बड़े चम्मच ताजा पिसे पुदीने के साथ दो बड़े चम्मच दही और एक बड़ा चम्मच ओटमील लेकर गाढ़ा पेस्ट बनाएं। इसे चेहरे पर 15 मिनट तक लगाए रखें, फिर हल्के हाथ से मसाज करते हुए ताजे पानी से चेहरा धो लें।

**स्किन ब्राइटनिंग :** पुदीने और गुलाब जल का पैक, स्किन को सॉफ्ट और ब्राइट बनाता है। इसे बनाने के लिए पुदीने के रस में एक चम्मच शहद और थोड़ा-सा गुलाब जल मिलाकर पैक बनाकर चेहरे पर लगाएं। कुछ देर लगाने के बाद ताजे पानी से चेहरा धो लें। गुलाब जल स्किन के पीएच लेवल को बैलेंस करता है। इसके अलावा केले और पुदीने के रस का फेस पैक भी स्किन ब्राइटनिंग के लिए अच्छा है। इसे बनाने के लिए एक पके हुए केले को मैश कर लें। अब इसमें पुदीने की कुछ पत्तियों का पेस्ट मिलाएं। इस फेस पैक को चेहरे पर लगाने के आधे घंटे बाद चेहरे को ताजे ठंडे पानी से धो लें। कुछ दिन ऐसा करने से चेहरे पर एक निखार आएगा।



**बाल बनाए डेंड्रफ-फ्री :** अगर आपके बाल पतले हैं और उसमें रूसी यानी डेंड्रफ है तो इसके लिए भी पुदीना काफी मददगार साबित हो सकता है। इसके लिए आप अपने खाने में पुदीने की चटनी को नियमित रूप से शामिल करें। इसके साथ पुदीने का हेयर मास्क भी इफेक्टिव हो सकता है। इसे बनाने के लिए पुदीने के 10-12 पत्ते पीस लें। अब इसमें पिसे चने की दाल और दही मिलाकर पेस्ट तैयार करें। अब इस हेयर मास्क को बालों पर लगाने के आधे घंटे बाद ताजे पानी से धो लें। कुछ दिन ऐसा करने से बालों की दोनों समस्या से आपको निजात मिलेगी।

पैरेंटिंग / रेखा शाह आरबी

आपका बच्चा पढ़ता तो खूब है, लेकिन उसे याद नहीं रहता। बच्चे को अपना पढ़ा याद रहे, इसके लिए आपको बच्चे में कुछ आदतें डालनी होंगी। इसके बाद आप देखेंगी कि बच्चे को पढ़ा हुआ याद रहने लगा है।

# क्या आपका बच्चा याद किया हुआ जल्दी भूल जाता है

बच्चों के स्कूल खुल चुके हैं, उनकी पढ़ाई शुरू हो चुकी है। अब अगर आपको इस बात की चिंता सता रही है कि आपका बच्चा पढ़ा हुआ बहुत जल्दी भूल जाता है तो नई क्लास में कैसे अच्छा परफॉर्म करेगा तो यह जान लें अधिकांश पैरेंट्स को यह शिकायत रहती है कि उनका बच्चा जो पढ़ता-लिखता है, भूल जाता है। कहने को तो बच्चे खूब मेहनत भी करते हैं, लेकिन बच्चों को भूलने की दिक्कत का सामना, स्कूल और घर दोनों जगह करना पड़ता है। इससे उनका रिजल्ट भी प्रभावित होता है। बच्चों की भूलने की आदत उनके करियर पर नेगेटिव असर डालती है। बच्चे मेहनत से एग्जाम की भरपूर तैयारी भी करते हैं, लेकिन एग्जाम के समय सब कुछ भूल जाते हैं, इससे बच्चों का कॉन्फिडेंस कम होता है। ऐसे बच्चों पर पैरेंट्स को विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए। उस पर गुस्सा करने के बजाय यह समझने की कोशिश करनी चाहिए कि आखिर इसके पीछे कारण क्या है? इस समस्या के निदान के लिए प्रयत्न करना चाहिए, जिससे बच्चा पढ़े गए लेसन को लंबे समय तक याद रखे। इसके लिए पैरेंट्स अगर कुछ छोटे-छोटे उपाय अपनाएंगे तो बच्चा अपना पढ़ा लेसन जल्दी नहीं भूलेगा। उसके नंबर एग्जाम में अच्छे आएंगे।

**लिखकर करे यादः** जो बच्चा अपना पढ़ा लेसन बार-बार भूल जाता है, ऐसे बच्चे को लिखकर याद करवाएं। स्वयं का लिखा हुआ बच्चा जल्दी भूल नहीं पाएगा। बच्चा जब पढ़ने के लिए बैठता है तो उसका मन भी इधर-उधर भटकता है, लेकिन लिखते समय वह पूरे ध्यान से लिखता है तो उसे अपना लेसन याद रहता है। लिखकर याद करते समय आप जरूरी प्वाइंट्स को बच्चे से अंडरलाइन भी करवा सकती हैं। इससे बच्चे का कंसंट्रेशन बढ़ेगा। उसे अपना पढ़ा हुआ याद रहेगा।



**नोट्स जरूर बनवाएंः** आजकल अनेक बच्चे मोबाइल पर भी पढ़ते हैं। ऐसे में बच्चे लिखते बहुत कम हैं। इससे बच्चे की मेमोरी कमजोर होती है, क्योंकि मोबाइल पर बच्चे को सिर्फ रीडिंग करना होता है, लिखना बहुत कम रहता है। ऐसे में उसे कोई लेसन पूरी तरह याद नहीं रहता, जबकि नोट्स बनाने पर आमतौर पर बच्चे को आधे से अधिक लेसन लिखते समय ही याद हो जाता है। इसलिए बच्चे को हर सब्जेक्ट के नोट्स बनाने की आदत जरूर बनाएं।



**ग्रुप स्टडीः** कई बार बच्चे को अकेले पढ़ना-लिखना ऊबाऊ लगता है। इसलिए बच्चे ग्रुप स्टडी करें। इससे बच्चा अन्य बच्चों से प्रभावित होकर स्वयं ही पढ़ाई की तरफ ध्यान देने लगेगा। वह अन्य बच्चों को पढ़ता देखकर पढ़ने के लिए प्रेरित होगा, अपने साथियों की तरह अच्छे अंक लाने की कोशिश करेगा।

**बीच-बीच में ब्रेक देंः** कुछ पैरेंट्स बच्चों को लगातार पढ़ने के लिए जोर देते हैं, जो सही नहीं है। थके शरीर और दिमाग के साथ बच्चे को कुछ भी याद नहीं होगा। इसलिए बहुत जरूरी है, पढ़ाई के समय बीच में उसे ब्रेक दें। उसे अन्य कामों को करने के लिए कहें, जैसे-कोई फिजिकल गेम या कोई अन्य फिजिकल एक्टिविटी करे। इससे बच्चे का दिमाग फ्रेश होगा, पढ़ाई पर अधिक फोकस करने से उसका परिणाम बेहतर होगा।

**रिवीजन करवाएंः** बच्चे ही नहीं बड़े भी एक बार पढ़कर याद नहीं रख पाते हैं। इसलिए अपने बच्चे को बार-बार रिवीजन कराती रहें। बच्चे को पढ़े हुए लेसन बार-बार दोहराने से उसे सारे लेसन याद रहेंगे फिर क्लास में उसके अच्छे नंबर आएंगे। उसका कॉन्फिडेंस भी बढ़ेगा।

**खबर संक्षेप**

### शादी में कन्यादान सेवा संगठन ने की आर्थिक मदद

**तोशाम।** जब सोशल मीडिया के जरिये पता चला कि कैरू में बिना बाप की बेटी की शादी है और आर्थिक हालात बहुत खस्ता है तो कैप्टन जयसिंह कन्यादान सेवा संगठन बुशान ने आगे आकर लड़की के घर पहुंच 11111 रूपये की मदद की। कैप्टन जयसिंह ने बताया कि उनको जब पता चला कि लड़की के ऊपर पिता का साया नहीं है, रहने के लिए मकान भी कच्चा है और पांच बहनों का एक इकलौता भाई है जो कि बहुत छोटा है।

### सुमन कुंगड़ बनी महिला ग्रामीण जिला अध्यक्ष

**बवानीखेड़ा।** कांग्रेस वरिष्ठ नेत्री सुमन कुंगड़ को हरियाणा प्रदेश कांग्रेस की महिला ग्रामीण जिला अध्यक्ष मनोनित किया गया। जम्मिवारी मिलने पर सुमन कुंगड़ ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा, सांसद दीपेन्द्र हुड्डा, सांसद जय प्रकाश, राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लांबा, सुधा भारद्वाज, शीतल मान, प्रेमवति गोयत, प्रदेश अध्यक्ष उदयभान का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि उन्हें जो जम्मिवारी सौंपी गई है वे उसे पूरी नष्ठि और ईमानदारी से अदा करेंगी और पार्टी को मजबूत बनाने का कार्य करेंगी।

### युवा झेल रहा है बेरोजगारी की मार : मुकेश

**तोशाम।** अधिवक्ता मुकेश ढाणी माहू ने सोमवार को प्रेस को जारी बयान में कहा कि आज हरियाणा का युवा वर्ग देश में सबसे अधिक बेरोजगारी की मार झेल रहा है। भाजपा सरकार युवाओं को रोजगार देने में पूरी तरह से विफल रही है। जिसका परिणाम है कि आज हरियाणा पूरे देश में बेरोजगारी में नंबर वन पर पहुंच चुका है।

### लाभार्थी हैप्पी कार्ड बस स्टैंड से करें प्राप्त

**चरखी दादरी।** सरकार द्वारा हैप्पी कार्ड योजना चलाई जा रही है। इस योजना के लिए जिसने पहले आवेदन किया हुआ था, वे अपने हैप्पी कार्ड संबंधित बस स्टैंड से प्राप्त कर सकते हैं। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि जिन व्यक्तियों के परिवार की सालाना आय परिवार पहचान पत्र में एक लाख रुपए से कम है। वे अपने नजदीकी सीएससी सेंटर से हैप्पी कार्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं। जिन व्यक्तियों ने पहले ही हैप्पी कार्ड बनवाने के लिए आवेदन किए हुए हैं। उनके हैप्पी कार्ड बस स्टैण्ड पर उपलब्ध हैं।

---

**बारिश के मौसम में नमी होने की वजह से वायरस और बैक्टीरिया भी बढ़ जाते हैं**

# मानसून में होने वाली बीमारियों तथा उनसे बचाव के लिए किया जागरूक

**मक्खियों के बढ़ जाने से खाद्य पदार्थों के द्वारा भी काफी बीमारियां फैलती हैं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

के. एम. पब्लिक स्कूल में वद्यार्थियों को ह्यमानसून में होने वाली बीमारियों व उनसे बचावह्ल विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर वक्ता श्री सन्नी शर्मा, गायत्री, परविंदर तथा लोकेश उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बारिश के मौसम में बच्चों को फ्लू, वायरल बुखार, डायरिया, टायफाइड, पीलिया, डेंगू, मलेरिया, सिर में दर्द और स्किन से संबंधित बीमारियां होने का सबसे ज्यादा खतरा रहता है। बारिश के मौसम में नमी होने की वजह से वायरस और बैक्टीरिया भी बढ़ जाते हैं। मक्खियों के बढ़ जाने से खाद्य पदार्थों के द्वारा भी काफी बीमारियां फैलती हैं । उन्होंने इन सबसे बचाव के लिए कुछ विशेष बातों का ध्यान रखने के लिए कहा जैसे- मच्छरों से बचाव के लिए मच्छरदानी का प्रयोग करें। पैरों और हाथों को गंदा न रखें। ताजा बने खाद्य पदार्थों का ही सेवन करें। पानी में क्लोरीन की गोली का उपयोग करें। खुले खाद्य पदार्थ बाजार से खरीद कर ना खाएँ तथा साफ शौचालय का प्रयोग करें। इस अवसर पर वद्यालय प्राचार्या रेनू सैनी, उप-प्राचार्या नीलम गौतम, समिति सदस्य अमिता शर्मा व सुनील शर्मा तथा गतिविधि प्रभारी सारिका पंडित उपस्थित रहे। वद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष मनीष सिंघानिया,सचिव राजेश मोडा, प्रबंधक आनंद बासिया तथा समिति सदस्य जितेंद्र गोयल ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।



**भिवानी।** बीरन स्कूल में पौधारोपण करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### मानव जीवन में भोजन व पानी के समान ही पौधों का महत्व

**भिवानी।** मानव जीवन में जितना महत्व भोजन व पानी का है, उतना ही महत्व पेड़-पौधों का भी है। क्योंकि पेड़-पौधे हमें ना सर्फि ऑक्सीजन देते है, बल्कि तमाम प्रकार के फल-फूल, जड़ी बूटियां और लकड़ियां आदि भी देते हैं। यही नहीं घर के आसपास पौधरोपण करने से गर्मी, भू क्षरण, धूल आदि की समस्या से बच सकते हैं। इसलिए प्रत्येक जन को जितना हो सके, उतना पौधों का रोपण कर उसे वृक्ष बनने तक संभालना चाहिए। यह बात जिला के गांव बीरण स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक वद्यिालय में इको क्लब के तत्वाधान में द्वारा चलाए गए पौधारोपण अभियान के दौरान गांव बीरण के सरपंच प्रतिनिधि जोगेंद्र सिंह व स्कूल इंचार्ज मेनका यादव ने कही। इस दौरान वद्यिालय परिसर में एक त्रिवेणी का रोपित कर वद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस मौके पर स्कूल इंचार्ज मेनका यादव ने कहा कि युवा वर्ग देश का भवष्यि है। ऐसे में युवाओं को जल एवं पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझाना होगा, ताकि भवष्यि में जल एवं पर्यावरण संकट को मिटाया जा सकें।



### पेड़-पौधों के सहारे ही वातावरण को सुरक्षित रखा जा सकता है

**भिवानी।** पर्यावरण संरक्षण को लेकर नरेन्द्रा विहार स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज गीता पाठशाला में संगोष्ठि का आयोजन बीके प्रेम बहन की उपस्थिति में किया गया। संगोष्ठि का आरंभ पौधा रोपण करके तथा वरिष्ठ अधिवक्ता स्व. नरेन्द्र सिंह नांदल, स्व. महेन्द्र कौर व स्व. सावित्री देवी को नमन करके किया। संगोष्ठि को संबोधित करते हुए बीके प्रेम बहन ने कहा कि आज का वातावरण दूषित होता जा रहा है इससे केवल पेड़-पौधों के सहारे ही सुरक्षित रखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधों के बिना पृथ्वी पर जीवन संभव नहीं है। हमें अपने व अन्य जीवजंतुओं के जीवन को ध्यान में रखते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए तथा उनकी देखरेख का संकल्प भी करना चाहिए। ऐसे में हम अपने पूर्वजों की पुण्यतिथि, बच्चों के जन्मदिन व अन्य उत्सवों पर एक-एक पौधा जरूर लगाएं ताकि पर्यावरण के प्रति लोगों में जागरूकता आए और बच्चों में प्रकृति के प्रति प्रेम भावना उत्पन्न हो। इस अवसर पर मीडिया कॉर्डिनेटर बीके धर्मवीर सहित अनेक ब्रह्माकुमार व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



### सुभाष फौजी कायला बने आदर्श ब्राह्मण सभा अध्यक्ष

**भिवानी।** आज आषाढ़ सूदी नवमी वक्रिम संवत 2081 सोमवार को आदर्श ब्राह्मण सभा भिवानी की बैठक आरके शर्मा संस्थापक की अध्यक्षता में श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर बावड़ी गेट भिवानी में हुई। बैठक में वरष्ठि अधिवक्ता सुनील शर्मा अध्यक्ष का कार्यकाल पूरा होने पर पुरानी कार्यकारिणी को भंग करके , सभा के संस्थापक सदस्यों मास्टर सतीश धारेड़ू, अधिवक्ता पंकज शर्मा, अमित शर्मा, नत्यिानंद खरकिया ,राजकुमार शर्मा तालु, निवर्तमान अध्यक्ष सुनील शर्मा से विचार विमर्श करके सर्व सम्मति से सुभाष फौजी कायला को आदर्श ब्राह्मण सभा भिवानी का अध्यक्ष बनाया गया और अपनी कार्यकारिणी गठन करने के अधिकार दिए गए । सभा के संस्थापक आरके शर्मा ने नवनियुक्त प्रधान को बधाई देते हुए कहा कि यह सभा भिवानी जिले की सबसे बड़ी संस्थाओं में से एक है तथा समाज की सभी बिरादरियों के साथ मिलकर समाज में जागृति लाने और भाईचारा बनाने के लिए लगातार कार्यरत है ।



### दस सालों के विकास कार्यो का मांगेगी जनता हिसाब

**भिवानी।** भिवानी युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ऐडवोकेट विकास कुमार ने कहा कि अब तक भाजपा ने केवल जुमलों में उलझा कर जनता को गुमराह किया है। अब जनता भाजपा के जुमलों को समझ गई है। जिसका उदाहरण जनता ने लोकसभा चुनाव में दे दिया। विधानसभा चुनावों में जनता भाजपा सरकार के दस साल के विकास कार्यो का हिसाब मांगेगी। क्योंकि न तो विकास कार्य हुए और न ही युवाओं को रोजगार मिला। जनता में भाजपा के प्रति जबरदस्त नफरत बनी है। लोगों को उक्त पार्टी से पूरी तरह से मोह भंग हो चुका है। वे आज जनसम्पर्क अभियान के दौरान बवानी खेड़ा विधान सभा क्षेत्र के गांव लोहारी जाटू में लोगों से बातचीत कर रहे थे। बाद में उन्होंने गांव मंढाना, बवानी खेड़ा शहर का दौरा किया व पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनको हरियाणा मांगे हिसाब अभियान में पुरजोर योगदान देने का आग्रह किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बातचीत करते हुए कहा कि हरियाणा मांगे हिसाब के तहत. ह्न भाजपा सरकार के खिलाफ 15 सवालों को हर घर तक लेकर जायेंगे। ताकि आने वाले विधानसभा चुनावों में जनता भाजपा के नुमाइंदों से जवाब मांग सके। क्योंकि अभी भी अनेक लोगों को भाजपा असलियत व जनविरोधी नीतियों की जानकारी नहीं है।

---

## भाजपा राज में नशे में डूबा हरियाणा युवाओं का भविष्य अंधकार में : इंदु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

आम आदमी पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष इंदु शर्मा ने नशे के मुद्दे पर हरियाणा सरकार को घेरा। उन्होंने कहा आंकड़े बताते हैं कि बीजेपी ने हरियाणा की तस्वीर बहुत डरावनी बना दी है। प्रदेश के कुल 22 जिलों में से 16 जिले बुरी तरह नशे की चपेट में हैं। नशे के कारण हो रही मौत के मामले थम नहीं रहे हैं। नशे की ओवरडोज के कारण एक के बाद एक युवक मौत को गले लगाता जा रहा है। उन्होंने कहा कि शहर से लेकर गांव तक नशा पहुंच चुका है। कहीं सिंथेटिक नशा तो कहीं चिट्टे का नशा पहुंच चुका है। हरियाणा सरकार नशा रोकने में पूरी तरह से फेल हुई है। बीजेपी सरकार न तो नशे की चेन को तोड़ पा रही है, न ही सरकार ने युवाओं का नशा छुड़वाने के लिए और न ही नौकरी के लिए कोई ठोस इंतजाम किया है। हरियाणा में एनसीबी और नशा मुक्ति केंद्र में सभी पद खाली पड़े हैं। जहां पर किसी का सही से इलाज नहीं होता। इसकी वजह से आज पूरे हरियाणा में हेरोइन, चर्स, सुल्फा, गांजा और अफीम खुलेआम बिक रहा है। जिस पर कोई रोक टोक नहीं है, ऐसा लगता है मानो ये सब पुलिस के संरक्षण में हो रहा है। उन्होंने कहा एनसीआरबी के आंकड़े बताते हैं कि हरियाणा में नशे के कारण आत्महत्या करने वाले लोगों की संख्या देश में सबसे ज्यादा है।

### स्कूल में एसडीएम ने लगाए पौधे

**भिवानी।** तोशाम नागरिक उपमंडल अधिकारी मनोज दलाल द्वारा गांव बागनवाला के स्टेडियम, राजकीय माध्यमिक वद्यालय, राजकीय प्राथमिक पाठशाला मे 101 पौधे लगाकर जीवनोपयोगी पौधारोपण जैसे नेक कार्य को वर्षा ऋतु मे गति प्रदान की। एसडीएम मनोज दलाल व राजकीय प्राथमिक विद्यालय मुखिया विनोद पूनिया ने बताया कि पेङ लगाना आज के आधुनिक युग मे एक पूण्य का कार्य है क्योंकि पेङ ही हमारी प्राण वायु का एक मात्र साधन है। प्राणवायु का पेड़ों के अलावा कोई अन्य विकल्प भी इस संसार मे आज तक मौजूद नही है। मौलिक मुख्य अध्यापक मंदीप ने कहा कि पेड़ पौधे ही जीवन का आधार है इनसे सभी प्राणियों के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से भोजन प्राप्त होता है।

## बीके स्कूल में अंग्रेजी कविता पाठ प्रतियोगिता हुई

■ ईशान्वी ने नालंदा सदन से 'मेरा भारत मेरा अभिमान' कविता की सुंदर प्रस्तुति दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा के बीके वरष्ठि माध्यमिक वद्यिालय में कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता तीन वर्गों में विभाजित की गई। प्राथमिक वर्ग में कक्षा तीसरी से पांचवी, कनष्ठि वर्ग में कक्षा छठी से आठवीं तथा वरष्ठि वर्ग में कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के वद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। मंच का कुशलता पूर्वक संचालन प्राथमिक वर्ग में आचार्या संध्या व कनष्ठि एवं वरष्ठि वर्ग में कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा हिमाक्षी के द्वारा किया गया। निर्णयक मंडल की भूमिका प्राथमिक वर्ग में आचार्या मनीषा व तानिया ने तथा कनष्ठि एवं वरष्ठि वर्ग में आचार्या पारुल एवं लक्षिता के द्वारा निभाई गईं। सर्वप्रथम छात्रा ईशान्वी ने नालंदा सदन से 'मेरा भारत मेरा अभिमान' कविता की सुंदर प्रस्तुति दी। प्रतिभागियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत एवं वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शानदार कविताओं की प्रस्तुति दी। उन्होंने अपनी कविताओं के दौरान भारत माता की जय के नारे लगाते हुए वद्यार्थियों में देशभक्ति का जोश भर दिया। प्राथमिक वर्ग में तक्षशिला सदन से तानसी ने प्रथम, नालंदा सदन से भूविका ने द्वितीय एवं इंद्रप्रस्थ सदन से तेजस्वी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कनष्ठि वर्ग में शांति निकेतन सदन से दिशा ने प्रथम, इंद्रप्रस्थ सदन से प्राची ने द्वितीय, एवं तक्षशिला सदन से छात्रा सिमर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं वरष्ठि वर्ग की ओर से तक्षशिला सदन से छात्रा नव्या ने प्रथम, इंद्रप्रस्थ सदन से छात्र गर्वित ने द्वितीय एवं शांतिनिकेतन सदन से साक्षी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वद्यिालय प्राचार्य पंकज मश्रिा ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए विजेता छात्र-छात्राओं को बधाई दी।



**बवानीखेड़ा।** आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित बच्चे व शक्षिक। *फोटो : हरिभूमि*

---

## बूथ स्तर पर पार्टी की मजबूती के लिए काम करें : कलकल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष डॉ. किरण कलकल ने विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में दादरी व बाढ़डा दोनों विधानसभा में संगठन को मजबूत करने हेतु प्रमुख कार्यकर्ताओं की बूथों पर प्रवासी कार्यकर्ताओं के रूप में ड्यूटी लगाई। किरण कलकल ने कहा कि प्रवासी कार्यकर्ताओं को प्रत्येक शक्ति केंद्र पर जाकर संगठन को मजबूती के लिए जागरूक किया जाना चाहिए। प्रत्येक कार्यकर्ता को हरियाणा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभन्नि जन कल्याणकारी योजना और जननीतियों को लेकर प्रत्येक बूथ पर घर-घर जाकर लोगों को उनकी जानकारी देनी चाहिए और सरकार द्वारा विभन्नि योजनाओं का लाभ ले रहे योजनाओं के लाभार्थियों से मिलकर उनसे भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करने और संगठन का कार्य करना चाहिए। भाजपा जिला अध्यक्ष डॉक्टर किरण कलकल ने प्रवासी कार्यकर्ताओं की बैठक के पश्चात चरखी मंडल की कार्यकारिणी की बैठक को भी संबोधित किया। बैठक की अध्यक्षता चरखी मंडल के अध्यक्ष जगजीत सिंह सांगवान ने की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ने चरखी मंडल के संगठन में कार्य कर रहे प्रमुख कार्यकर्ताओं की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि दादरी विधानसभा के चरखी मंडल में दादरी जिले में चरखी मंडल बेहतरीन कार्य कर रहा है।

## भाजपा राज में बिना खर्ची व पर्ची के मिल रही नौकरियां

■ भाजपा व बंसीलाल की जनहित की नीतियां एक समान,दोनों की सोंच लाइन के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को मिले लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पूर्व सीएलपी लीडर किरण चौधरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के राज में बिना खर्ची व पर्ची के युवाओं को रोजगार मिल रहा है। चाहे प्रदेश की बात हो या फिर केंद्र की। युवाओं को योज्यता व मेरिट के आधार पर रोजगार मिल रहा है। भाजपा की इस तरह की नीतियों की वजह से ऐसे ऐसे परिवार के युवाओं को रोजगार मिले है। जन्हिोंने सपने में भी सरकारी नौकरी मिलने की बात सौंची तक नहीं होगी। वे आज जनसम्पर्क अभियान के तहत गांव कोहाड़ में जनसम्पर्क अभियान के तहत लोगों से बातचीत कर रही थी। बाद में उन्होंने बजीणा, ढाणी माहू, निगाना कला, निगाना खुर्द में लोगों से बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनी। इस दौरान जिस भी व्यक्ति ने अपनी समस्या रखी। उन्होंने उसी वक्त फोन करके अधिकारियों से समस्याओं का निदान कराया। शाम तक पूर्व सीएलपी लीडर किरण चौधरी का जनसम्पर्क अभियान जारी रहा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी व पूर्व सीएम चौ. बंसीलाल की जनहित की नीतियां एक समान है। पूर्व सीएम स्व. चौ. बंसीलाल भी चाहते थे कि लाइन के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ मिले। यह नीतियां भाजपा की है। भाजपा हर व्यक्ति को योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रयासरत है। लाभ पहुंच भी रहा है। जिसकी बदौलत भाजपा की नीतियों के प्रति लोगों की आस्था बढ़ी है। बिना पर्ची खर्ची के नौकरी देना एक अपने आप में बहुत बड़ी बात है। बंसीलाल के राज में भी इसी तरह से युवाओं को रोजगार मिलते थे। उनके राज में भी इस तरह के लोगों को रोजगार मिला था जन्हिोंने कभी सपने में भी नहीं सोंचा होगा। दूसरी तरफ पूर्व सांसद श्रुति चौधरी ने सोमवार को गांव आजाद नगर, खैरपुरा, नंगला, पाथरवाली, ढाणी शंकर, भानगढ आदि गांवों में जनसम्पर्क अभियान चलाया।



**भिवानी।** जनसम्पर्क अभियान के तहत लोगों से बातचीत करती पूर्व सांसद श्रुति चौधरी। *फोटो : हरिभूमि*

## पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा शासन में मिले थे गरीबों को प्लाट: धनखड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

कांग्रेस नेता अनिल धनखड़ ने तिवाला गांव में जन संपर्क अभियान के तहत ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार गरीबों, किसानों, युवाओं और कर्मचारियों के साथ मजाक करने में लगी हुई है। गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले परिवारों को जहां 100-100 वर्ग गज के प्लाट निशुल्क दिए जाने थे, अब उन्हें एक-एक लाख रुपये लेकर 30-30 वर्ग गज के प्लाट दिए जा रहे हैं जो कस्तिों में देने होंगे। मकान बनाने के लिए ब्याज पर 6 लाख तक का ऋण उपलब्ध करवाने की बात कही गई है। ऐसे में गरीब परिवार कश्ति के रूप में कम से कम 13 हजार रुपये कैसे जमा करवाएगा। सरकार ने प्लॉट के नाम पर उलझाकर रख दिया है। जब उसके पास पैसों की व्यवस्था नहीं होगी तो उसे प्लाट छोड़ना होगा। धनखड़ ने कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 11 शहरों में गरीबों को जिनकी आय 1.80 लाख से कम है, उन्हें हाउसिंग फार ऑल योजना के तहत 30 वर्ग गज के प्लॉट दिए जाने की घोषणा की थी। इस योजना के तहत प्रोविजनल आवंटन पत्र प्राप्त होने के 30 दिनों के भीतर 10 हजार रुपये और शेष 80 हजार रुपये छः कश्तिों में जमा करवाने होंगे। शर्त के अनुसार प्लाट धारक को आवंटन के एक साल के भीतर आवासीय इकाई का नर्माण करना होगा और 24 माह के भीतर निर्माण पूर्ण करना होगा।

---

## अधिक से अधिक पेड़ कसेंगे बढ़ते प्रदूषण पर नकेल :भारद्वाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

एक पेड़ मां के नाम अभियान व राज्य स्तरीय वन महोत्सव के तहत 25 वर्षो से पर्यावरण संरक्षण को समर्पित नेता जी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति द्वारा तीसरे दिन भी हरियाणा और राजस्थान के बॉर्डर स्थित शक्षिण संस्थानों में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर प्रिंस स्कूल के वद्यार्थियों और शक्षिकों ने एक पेड़ मां के नाम लगाया और उसके संरक्षण का संकल्प लिया। पौधरोपण अभियान कार्यक्रम कि अध्यक्षता प्रिंस शक्षिण संस्थान के निदेशक अजीत चौधरी ने की। इस अवसर पर शंकर नर्सरी से पर्यावरण प्रेमी चंद्र मोहन,कमल शर्मा लोहारू, मनोज, कृष्ण कुमार, विजय दहिया, रवि सोलंकी सामाजिक कार्यकर्ता वीरेंद्र शर्मा, सुषमा देवी, अंजु शर्मा,पवन स्वामी लोहारू, हरप्रिकाश, सोनु चिड़ावा, राजेश सूरजगढ़, दीपक पिलानी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति व शक्षिकगण अभियान में शामिल रहे।शंकर नर्सरी के पौधे दूसरे चरण में अधिक बारीश के समय सार्वजनिक और धार्मिक स्थलों पर लगाए जाएंगे। नेता जी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति के अध्यक्ष एवं भारत सरकार व महामहिम राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रीय युवा पुरस्कार आवोर्डी अशोक कुमार भारद्वाज ने बताया कि हर वर्ष हरियाणा और राजस्थान के बॉर्डर पर पर्यावरण संरक्षण अभियान चलाकर लोगों को पेड़ पौधों और पानी के संरक्षण की अपील करते हैं और बारिश के समय दो माह तक चलने वाले वन महोत्सव के तहत पौधा रोपण किया जाता है।



**हॉस्पिटल नए भवन में रहेगा या होगा कहीं और शिफ्ट**

## चतरभुज लाजपत राय जनरल हॉस्पिटल का भवन कंडम

दीपक कुमार डुमड़ा ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा के चतरभुज लाजपतराय जनरल हॉस्पिटल के पुराने भवन की स्थिति बर से बदतर होने के कारण इसे कंडम घोषित किया गया है वहीं इस भवन को नए भवन में शिफ्ट किया जाएगा या अन्य अस्थाई भवन की व्यवस्था की जाएगी इसको लेकर सभी में कोतुहल देखा जा सकता है। वहीं सीएमओ ने आसपास कोई ऐसा भवन न होने के कारण इसे नए भवन में शिफ्ट करने के संकेत दिए। चतरभुज लाजपतराय जनरल हॉस्पिटल के पुराने भवन की स्थिति को हरिभूमि ने गहनता से उठाते हुए प्रशासन के पास इसकी वास्तविक स्थिति पहुंचाने का कार्य किया और प्रशासन भी हरकत में आया। बताया जाता है कि आधिकारिक तौर पर इसका मुआयना किया जा चुका है। हालांकि पुराने भवन के जनरल वार्ड के साथ शौचालय व साथ में बने कमरों को देखने से जान पड़ता है कि ये आजकल के महमान है और कर्मचारी भी मौत के साए में अपनी ड्यूटी देने को मजबूर दिखाई दे रहे हैं।




**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के चतरभुज लाजपतराय जनरल हॉस्पिटल का फाइल फोटो।

### ओपीडी पहुंचती है सैंकड़ों तक

बवानी खेड़ा के चतरभुज लाजपतराय जनरल हॉस्पिटल में ओपीडी का आंकड़ा कुछ समय पहे पांच सौ पार पहुंच गया था और अब भी ओपीडी तीन सौ पार पहुंच जाती है। कस्बावासियों एवं मरीजों में हनुमान प्रसाद, टेकचंद, निशीकांत, रमेश, राजेश आदि का कहना है कि सरकार सुविधाएं देती है और इसका लाभ लेना चाहिए व वे स्वयं गरीब होने के चलते अस्पताल में दाखिल होते हैं लेकिन यहां के भवन के हालात ठीक नहीं है। कांग्रेस समय में यह अस्पताल 50 बैड का किया गया। लेकिन भवन व सुविधाएं बढ़ने की बजाए विराम लगा प्रतीत होता है। मरीज अस्पताल की स्थिति को देखकर यहां आना नहीं चाहते। बवानी खेड़ा के चतरभुज लाजपतराय जनरल हॉस्पिटल के कंडम होने के बाद यह नए भवन में शफ्टि हो गया या कहीं और ये भी कस्बा में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## खबर संक्षेप



भिवानी। कार्यभार ग्रहण करने पहुंची नवनियुक्त उपायुक्त मंदीप कौर को गार्ड आफ आर्नस सम्मानित करते हुए।

### नवनियुक्त डीसी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया

**भिवानी।** जिला की नवनियुक्त उपायुक्त मनदीप कौर ने सोमवार को जिला में अपना पदभार संभाल लिया है। लघु सचिवालय परिसर में पहुंचने पर पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला, सीटीएम विपिन कुमार, डीडीपीओ आशीष मान सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। पुलिस की टुकड़ी ने गार्ड ऑफ से डीसी मनदीप कौर का सम्मान किया। वहीं डीसी मन्दीप कौर ने पुलिस टुकड़ी की सलामी ली।

### बलियाली में पुरस्कार वितरण समारोह

**भिवानी।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्याालय बलियाली में पुरस्कार वितरण समारोह किया गया। कई विषयों के अध्यापकों ने जिनमें उनके विषय में 95 प्रतिशत से अधिक अंक आए थे, उन्होंने बच्चों को घड़ी देकर सम्मानित किया। इनमें राजनीति शास्त्र गणित तथा सामाजिक वज्ञिान के अध्यापकों ने 95 प्रतिशत से ऊपर अंक लेने वाले वद्यिार्थियों को हाथ घड़ी देकर सम्मानित किया। परीक्षा से पहले इन अध्यापकों ने अपने वद्यिार्थियों से वायदा किया था कि जो बच्चे इनके विषय की दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं में 95 प्रतिशत से ऊपर अंक लेंगे उन सब बच्चों को एक-एक हाथ घड़ी देकर सम्मानित किया जाएगा।

### पेड़ों के हैं अनगिनत फायदे : प्राचार्य

**भिवानी।** हलवासिया वद्यिा विहार में सरकार एवं सीबीएसई बोर्ड द्वारा जारी गाइडलाइंस के अनुसार वन महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय में पौधारोपण गतिविधि के दूसरे दिन राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी कविता तंवर के नर्दिेशन में स्वयंसेवकों द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रबंधन के सहयोग से विद्यालय परिसर में अंजीर, अमरुद, जामुन, शहतूत, गुड़हल इत्यादि 21 पौधे लगाए गए। राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयंसेवकों ने बड़े उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लेते हुए पर्यावरण सरंक्षण की शपथ ली।

## वार्ड-13, 14, 15 व 25 के लोग तरस रहे हैं सुविधाओं को

# बिजली, पानी और सीवरेज को लेकर लोगों ने की नारेबाजी

- कई बार अधिकारियों को अवगत करवाने के बाद भी स्थिति ज्यों की त्यों
- समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो रोड जाम करने पर होंगे मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भिवानी जिला प्रशासन की लापरवाही व अनदेखे रवैये के चलते इन दिनों शहर के नागरिक मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। जिसके चलते वे विभन्नि परेशारियों से घिरे रहते हुए संबंधित विभाग के चक्कर लगाकर समस्या के समाधान की दरकार लगा-लगाकर थक चुके है, लेकिन उनकी कही कोई सुनवाई नहीं हो रही। मूलभूत समस्याओं से परेशान वार्ड-13, 14, 15 व 25 के निवासियों ने सोमवार को भिवानी के उपायुक्त दरबार पहुंचे तथा उपायुक्त कार्यालय के बाहर नारेबाजी करते हुए कार्यवाहक उपायुक्त मनदीप कौर को मांगपत्र सौंपते हुए अपनी बिजली, पानी, सीवरेज आदि मूलभूत समस्याओं के समाधान की मांग उठाई। इस मौके पर वार्ड नंबर-25 के पार्षद विनोद प्रजापति ने कहा कि उनके क्षेत्र में पिछले 6 माह से पेयजल सप्लाई सुचारू नहीं है तथा जब भी पानी आता है तो दूषित ही आता है। जिसके चलते इस वार्ड के क्षेत्रवासी बूंद-बूद को तरस चुके है। इसके अलावा यहां की कई गलियों में सीवरेज की लाईन तक नहीं बिछाई गई, जबकि सीवरेज के पाईप गलियों में ही पड़े है। इसके अलावा क्षेत्र में बिजली की तारें भी काफी नीचे लटकती रहती है, जो कि हादसों को खुला निमंत्रण है। पार्षद विनोद प्रजापति ने कहा कि इन समस्याओं के समाधान के लिए कई बार संबंधित अधिकारियों को अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन अधिकारी उनकी मांग को अनसुना कर रहे। वार्ड नंबर-15 की बुजुर्ग महिला कांता ने बताया कि उनके क्षेत्र में पेयजल की इस कदर कल्लित बनी हुई है कि उन्हे दूर-दराज से पानी लाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि उनके क्षेत्र में पानी के दर्शन हुए कई-कई दिन बीत जाते है, जिसके चलते उनके बच्चें भी छोटे-छोटे बर्तन लेकर दूर-दराज से पानी भरने को मजबूर है। वार्ड नंबर-13 से सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश सैनी ने कहा कि उनके वार्ड में पिछले करीबन दो माह से दूषित पेयजल की सप्लाई की जा रही है। क्षेत्र में स्ट्रीट लाईट नहीं है, जिसके चलते रात के समय गुजरना मुश्किल हो जाता है। मांगपत्र सौंपने आए लोगों ने कहा कि वे मूलभूत समस्याओं के अभाव से काफी परेशान हो चुके है तथा इन समस्याओं के समाधान के लिए जल्द कोई कार्रवाई नहीं हुई तो वे रोड जाम करने जैसे कदम उठाने तक को मजबूर होंगे, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।



भिवानी। मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपने जाते शहर के लोग। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर आकाश बोस, ललिता, नीतू, फकीरचंद, बबीता, मीरा, सुमन, दिनेश, कृष्णा, संतोष, लक्ष्मी, कमलेश, दीपक सैनी, सुनील सैनी, पवन सैनी, रामरती, ओमप्रकाश, मीना देवी, राजबाला, सुरेश सहित लोग मौजूद रहे।




भिवानी। मांगों को लेकर प्रदर्शन करते किसान। फोटो :हरिभूमि

## वित्त मंत्री के पैतृक और पड़ोसी गांवों में पेयजल का घोर संकट

- घुसकानी , मिताथल, मन्ढाना, धनाना, प्रेमनगर व तिगड़ाना आदि गांवों में पीने का पानी नहीं, हाहाकार मचा

हरिभमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जाटू खाप व अखिल भारतीय किसान सभा के नेतृत्व में पीड़ित किसानों ने जिला उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन किया तथा उपायुक्त अमनदीप कौर को अपनी समस्याओं से अवगत कराया । गौरतलब है राज्य के वित मन्त्री जे पी दलाल के गांव घुसकानी व अन्य गांव मिताथल, मंढाना, धनाना, तिगड़ाना व प्रेमनगर में पीने के पानी का भंयकर संकट चल रहा है, सिंचाई के अभाव में किसान धान बोने के लिए इन्द्रदेव की तरफ आस लगाए बैठे हैं । बांध का सब्र टूटने पर आज इन गांव के किसानों ने प्रदर्शन करते हुए सिंचाई विभाग के अधिकारियों व जिला उपायुक्त से मिलकर अपना दुखः सुनाते हुए समस्या के समाधान के लिए ज्ञापन दिया । जिला उपायुक्त अमनदीप कौर ने समस्या के समाधान के लिए राज्य सरकार व उच्च अधिकारियों को लिखने व दबाव डालने का आश्वासन दिया । ज्ञापन देने के बाद जाटू खाप के प्रधान कप्तान भीमसिंह मिताथल व किसान सभा के जिला प्रधान रामफल देशवाल ने बताया कि पिछले डेढ़ महीने से नहरों में पानी नहीं आ रहा है , वर्षा के अभाव में खेती चौपट हो गई है। पीने के पानी के लिए इन गांव हाहाकार मचा हुआ है , मवेशियों के लिए भी भारी परेशानी हो रही है, यदि 15 दिन तक नहरों में पानी नहीं आया तो वे धान समेत खरीफ की फसल उगाने में असमर्थ रहेंगे । उनके बच्चे भूखे मर जाएंगे । सरकार व प्रशासन उनकी कोई सुनवाई नहीं कर रहा है। लोगों में सरकार व प्रशासन के खिलाफ भारी गुस्सा है । आज के प्रदर्शन में किसान सभा के जिला उप प्रधान कामरेड ओम प्रकाश, ब्लाक सचिव प्रताप सिंह सिंहमार, महाबीर फौजी ' जाटू खाप के सचिव मास्टर राजसिंह जताई, चतर सिंह धनाना, बलराज फौजी, अजमेर मिताथल, आदि मौजूद रहे।

### एचडी स्कूल के छात्र आरव ने जीता सोना

**चरखी दादरी।** एचडी वद्यिालय के होनहार छात्र आरव गर्ग ने हीरा क्लब एकेडमी दादरी में आयोजित जिला स्तरीय बैडमिंटन टूर्नामेंट के अंडर-15 सिंगल वर्ग में, अंडर-15 डबल वर्ग में और अंडर 17 डबल वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त कर अपने माता-पिता वद्यिालय एवं क्षेत्र को गौरवान्वित किया। उप प्राचार्य नवीन सनसनवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि छात्र आरव अगस्त-सितंबर माह में आयोजित आगामी राज्य स्तरीय टूर्नामेंट में दादरी जिले का प्रतिनिधत्वि करेगा। विद्यालय निदेशक बलराज फौगाट ने कहा कि बदलते समय के साथ विद्यालय के छात्र शिक्षा के अतिरिक्त खेलों में भी अवस्मिरणीय उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं।



### शिविर में 110 मरीजों की आंखें जांचीं

**चरखी दादरी।** दादरी के बाबा थारे श्री मंदिर में को डॉक्टर पवन धीर आई इंस्टीट्यूट ने नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर का आयोजन बाबा थारे श्री मंदिर कमेटी व पूर्व जिला पार्षद सुमित शर्मा के सौजन्य से किया गया। शिविर में लगभग 110 लोगों की आंखों की जांच की गई और उन्हें दवाई व चश्में वितरित किए।

हर सप्ताह डॉक्टर पवन धीर आई इंस्टीट्यूट की टीम नेत्र जांच शिविर लगाते रहते हैं तथा जिन लोगों की आंख में गंभीर समस्यां हैं, उन्हें हॉस्पिटल बुलाते हैं।

### समस्या को लेकर डीसी से मिल सकते हैं नागरिक

**भिवानी।** जिला के नागरिकों को यदि डीसी मनदीप कौर से किसी समस्या के समाधान के लिए मिलना है तो वे जिला मुख्यालय पर हर रोज लगने वाले समाधान शिविर के दौरान सुबह 9:00 से 11:00 तक मिल सकते हैं। नगराधीश विपिन कुमार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि अक्सर नागरिक अपनी समस्याओं के समाधान के लिए डीसी के पास आते हैं। फिलहाल प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार हर जिला मुख्यालय पर सुबह 9:00 बजे से 11:00 तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। भिवानी जिला मुख्यालय पर लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में समाधान शिविर लगाया जाता है। यदि किसी नागरिक को डीसी से मिलना है तो वे समाधान शिविर के दौरान मिल सकते हैं।

## उपायुक्त ने सुनीं नागरिकों की शिकायतें

- डीसी ने मौके पर ही निपटाया अधिकतर समस्याओं को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

डीसी मंदीप कौर ने कहा कि समाधान शिविर में आए आवेदनों पर शिकायत से सम्बन्धित विभागों के अधिकारी त्वरित कार्यवाही करना सुनश्चिति करें। डीसी मन्दीप कौर स्थानीय लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुन रही थी। डीसी मन्दीप कौर ने आज सोमवार को समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनते हुए कहा कि हर सप्ताह की शिकायतों की पुन्र समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि समाधान शिविरों में आई शिकायतों की मानिटरिंग सम्बन्धी समीक्षा हर तीसरे दिन वे स्वयं करेंगी। शिकायतों के निवारण में किसी भी प्रकार कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीसी ने मौके पर ही अधिकतर समस्याओं को निपटाया। उन्होंने लोगों की अधिकतर समस्याएं मौके पर ही निपटाई। उन्होंने जो शिकायतें मौके पर निपटाने की थी, उनका तत्काल समाधान कर दिया और जो शिकायतें तत्काल संभव नहीं थी, उनके लिए संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता से समाधान करने के दिशा नर्दिेश दिए। डीसी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने जनता की समस्याओं का समाधान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। हर रोज जिला व उपमंडल स्तर पर सुबह 09:00 से 11:00 बजे तक प्रत्येक कार्य दिवस पर समाधान शिविर का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि सरकार ने समाधान प्रकोष्ठ का गठन करके आमजन की शिकायतें दूर करने का नायाब तरीका निकाला है। इन शिविरों के माध्यम से आमजन को एक ही स्थान पर अपनी समस्या का शीघ्र समाधान मिल रहा है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक वरूण सिंगला, सीटीएम विपिन कुमार भी मौजूद रहे।



भिवानी। डीसी मन्दीप कौर और पुलिस अधीक्षक वरूण सिंगला समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें सुनते हुए। साथ में सीटीएम विपिन कुमार।

## शिकायतों की सुनवाई कर मौके पर ही किया निवारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

अधिकारी अपना काम ईमानदारी से करें। जिससे लोगों को किसी प्रकार की समस्या का सामना करना पड़े। भ्रष्टाचार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अगर किसी के खिलाफ कोई शिकायत मिली तो उस अधिकारी अथवा बिचौलियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त मनदीप कौर की इन हिदायतों पर सोमवार को अतिरक्ति उपायुक्त डॉ. जयेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया।

एडीसी ने बताया कि समाधान शिविर में लोगों की शिकायतों का जल्द से जल्द समाधान करवाया जाता है। इसके अलावा जो शिकायतें लंबित रह जाती है उन्हें संबंधित विभाग के अधिकारी से जल्द समाधान करवाने के नर्दिेश दिए जाते हैं। उन्होंने बताया कि समाधान शिविरों में ज्यादातर शिकायतें पेंशन और फैमिली आईडी से संबंधित आ रही है। इसके लिए संबंधित विभाग के अधिकारी को समस्या के जल्द समाधान के लिए नर्दिेशित किया जाता है। नीतिगत मामलों से संबंधित शिकायतों के लिए मुख्यालय को रिपोर्ट किया जाता है। शिविर को लेकर नागरिकों का रूझान बढ़ा है तथा नागरिक अपनी अर्जी लेकर उनका समाधान करवाने के लिए समाधान शिविर में पहुंच रहे हैं।

### सरकार की अनदेखी से बिजली कर्मचारियों में रोष : बल्लू



**भिवानी।** अपनी विभन्नि मांगों के प्रति पिछले लंबे समय से सरकार की अनदेखी झेल रहे हरियाणा स्टेट इलैक्ट्रीसिटी बोर्ड वर्कर्स यूनियन संबंधित हरियाणा कर्मचारी महासंघ के कर्मचारियों का सब्र अब जवाब दे गया है तथा सरकार से आर-पार की लड़ाई के मूढ़ में है। जिसके तहत 16 जुलाई को प्रदेशभ्भर से भारी संख्या में कर्मचारी बिजली मंत्री रणजीत चौटाला को उनके सिरसा स्थित निवास स्थान पर पहुंचकर मांगपत्र सौंपेंगे। जिसमें भिवानी से भी भारी तादात में बिजली कर्मचारी अपने हकों की आवाज बुलंद करेंगे। यह बात हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रीसिटी बोर्ड वर्कर्स यूनियन के भिवानी सिटी यूनिट प्रधान मनोज बल्लू बामला ने सोमवार को स्थानीय बिजली घर प्रांगण में कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कही।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी 10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/- रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

## एआईकेकेएमएस ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन


हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन की ब्लॉक कमेटी तोशाम ब्लॉक के प्रधान नर सिंह बागनवाला के नेतृत्व में प्रधानमंत्री भारत सरकार के नाम एसडीएम कार्यालय की अधिकारी को अपनी मांगों का ज्ञापन दिया। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने मांग रखी की आवश्यक वस्तुओं के संपूर्ण व्यापार को सरकार अपने हाथ में ले और एमएसपी को कानूनी रूप दे। ग्रामीण श्रमिकों को पूरा साल काम और पर्याप्त मजदूरी प्रदान करे। बिजली बिल 2023 को तुरंत रद्द करें स्मार्ट मीटर लगाना बंद करे।

किसान और खेत मजदूर का ऋण मुक्त करें और उन्हें पेंशन प्रदान करें। किसानों को खाद-बीज जैसी कृषि उपयोगी चीजे सस्ती दर पर उपलब्ध कराएं। किसानों को बाजरा मूंग और गवार पर प्रोत्साहन राशि में बीज के बिल की शर्त हटाई जाए क्योंकि काफी किसान अपने घर का बीज इस्तेमाल करते हैं। सभी नहरो में सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी का प्रबंध करें। इस मौके पर जिला सचिव मास्टर बस्तीराम ने कहा कि हमारे दुख और पीड़ा की कोई सीमा नहीं है। भारत में रोजाना 120 से अधिक किसान कर्ज के जाल में फंसकर आत्महत्या कर रहे हैं। गांव में खेत मजदूर के पास कोई काम नहीं है। इसलिए उन्हें आजीविका की तलाश में अपना घर छोड़ना पड़ता है। लेकिन शहरों में पहले से ही बेरोजगार युवाओं की भरमार है। इसलिए हर कोई उनकी स्थिति की कल्पना कर सकता है। इसलिए सरकार को मजदूर व किसानों की समस्या की तरफ तुरंत ध्यान देना चाहिए अन्यथा किसान एक बड़ा आंदोलन खड़ा करने के लिए मजबूर होंगे। उन्होंने किसानों से भी अपील की गांव-गांव में किसान-मजदूर की कमेटियों का नर्मिाण करें और आंदोलन को तेज करें। इस मौके पर जिला प्रधान रोहतास सिंह सैनी, सुरेंद्र दूल्हेड़ी, वजीर सिंह जांगड़ा, महेंद्र सिंह कटारिया, उजाला राम सुरा, राजवीर पायल, जितेंद्र चहल, प्रेमपाल आदि किसान मौजूद थे।




तोशाम। मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए।



भिवानी। मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए।

## मांगों को लेकर वित्तमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**भिवानी।** सोमवार को राजकीय प्राथमिक शिक्षिक संघ भिवानी की जिला कार्यकारिणी ने हरियाणा के वत्ति मंत्री जय प्रकाश दलाल से उनके आवास पर जिला प्रधान भूपेन्द्र चाहर के नेतृत्व मे बैठक की। जिसमें वत्ति मंत्री को प्राथमिक शिक्षकों की समस्याओं से अवगत करवाया गया। राज्य के प्राथमिक शिक्षिक संघ के जिला प्रैस प्रवक्ता अनिल सांगवान ने बताया कि वत्ति विभाग द्वारा एलटीसी के बिलों पर अनावश्यक कैप लगाई हुई है और अन्य बिलों पर भी खजाना विभाग अनाश्यक की आपत्ति लगा देता है। अभी तक हजारो प्राथमिक शिक्षकों को सत्र 2020-23 की एलटीसी भी नहीं मिली है। संघ पदाधिकारियों ने वित्तमंत्री से कहा कि ये अनावश्यक कैप और आपत्तियां अतिशीघ्र हटाई जाएं। वित्त मंत्री ने संपठन की बातों को ध्यान से वस्तिारपूर्वक सुना और इन समस्याओं को जल्द से जल्द दूर करवाने का भरोसा दिया। उन्होंने संघ के प्रतिनिधि मंडल को कहा कि उनके दरबार आपके लिए सदैव खुले है। आप कभी भी वत्ति विभाग से संबंधित समस्याओ को लेकर मिल सकते है। इस अवसर पर जिला महासचिव सुमित शर्मा, वरष्ठि उप प्रधान हरिश आदि मौजूद रहे।

**समस्या** एसडीएम ने 2 दिन में ओवरलोड वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही

# बेखौफ होकर धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं ओवरलोड वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

तोशाम में ओवरलोड वाहन धड़ल्ले से चल रहे हैं लेकिन प्रशासन आंखें मूंदे बैठा है, और ओवरलोड वाहनों पर कोई रोक नहीं लगाई जा रही। जिससे दिन-प्रतिदिन हादसे होने का खतरा बना हुआ है और ओवरलोड वाहन चालक प्रशासन को ठेंगा दिखाते हुए नजर आ रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि तोशाम की सड़कों पर ओवरलोड वाहन बेखौफ़ चल रहे हैं। जोकि ज्यादातर गांव खरकड़ी सोहान की तरफ से पत्थर भरके लाते हुए नजर आते हैं। इन ओवरलोड डंपर आदि वाहनों में पत्थर भी इतना अधिक मात्रा में भरा होता है कि नियमों के मुताबिक वाहन की बॉडी से ऊपर लगाई गई अतिरक्ति बॉडी को भी यह पत्थर क्रॉस कर जाता है। जिससे सड़क पर चलते हुए इन ओवरलोड डंपर आदि वाहनों में पत्थर ऊपर तक भरा हुआ दिखाई देता है। ऐसे में अनेक दफा पत्थर वाहनों से नीचे सड़क पर गिर जाते हैं और सड़क पर आमजन, राहगीर या अन्य वाहन चालको को कभी भी यह पत्थर नुकसान पहुंचा सकते हैं। अनेक बार यह देखने में भी आया है कि इन ओवरलोड वाहनों से पत्थर सड़क पर गिरे हैं जिस दौरान हादसा होते-होते बाल-बाल बचा है। फिर भी प्रशासन आंखें मूंदे बैठा हुआ है और ओवरलोड वाहन चालकों के खिलाफ न कोई कार्रवाई हो रही है न इन पर रोक लगाने के लिए कोई प्रयास किया गया है। जबकि यह ओवरलोड वाहन प्रशासन की आंखों तले चल रहे हैं और काफी ओवरलोड वाहन तो तोशाम कस्बे के अंदर से होकर गुजरते हैं जहां कस्बे में प्रतिदिन हजारों लोगों का आवागमन रहता है। ऐसे में इन ओवरलोड वाहन से कस्बे की सड़कों पर जो पत्थर गिरते हैं उनसे कस्बे के लोगों तथा राहगीरों को भी खतरा बना हुआ है। इन ओवरलोड वाहनों से कस्बे की सड़कों पर गिरने वाले पत्थरों से कस्बे के लोगों तथा राहगीरों के साथ कभी भी कोई भी अनहोनी घटित हो सकती है। लेकिन इस मामले में प्रशासन अभी तक बल्कुिल मौन है। जोकी ओवरलोड वाहनों से पत्थर गिरने से इन हालातो में तो यही प्रतीत होता है कि प्रशासन ओवरलोड वाहनों से कोई बड़ा हादसा होने के इंतजार में है। इस संबंध में जब तोशाम के एसडीएम मनोज कुमार दलाल से बात की गई तो उन्होंने कहा कि ओवरलोड वाहनों को लेकर उनकी आरटीओ से भी बात हुई है और वह स्वयं भी इस मामले में ओवरलोड वाहन चालकों पर कार्रवाई करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। आगामी मात्र दो दिन में ओवरलोड वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी ।






तोशाम। गांव खरकड़ी सोहान की तरफ से बेखौफ होकर तोशाम की तरफ जाता पत्थरों से भरा ओवरलोड वाहन व तोशाम में एसडीएम निवास के आगे से गुजरता ओवरलोड वाहन।